# कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
# जिला – दुर्ग, (छ.ग.)

क्रमांक / एन.एच.एम. / एच.आर. / 2025/1345      दुर्ग , दिनांक 11/01/2025

## –:: संविदा भर्ती हेतु विज्ञापन ::–

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन जिला–दुर्ग अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024–25 हेतु जिले की स्वीकृत कार्ययोजना के अनुसार तथा मानव संसाधन नीति 2018 में दिये गये निर्देशानुसार राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन / जिला स्वास्थ्य समिति जिला दुर्ग छ.ग.के अंतर्गत निम्न संविदा पदों हेतु विज्ञापन प्रकाशित किया जा रहा है। योग्य / पात्र उम्मीदवारों से निर्धारित प्रारुप में स्पष्ट एवं त्रुटिरहित आवेदन पत्र केवल पंजीकृत डाक / स्पीड पोस्ट के माध्यम से **कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला – दुर्ग में दिनांक 11.01.2025 से 25.01.2025 तक** कार्यालयीन कार्य दिवस (अवकाश दिवसों को छोड़कर) में समय प्रातः 10:00 से सायं 05:30 बजे तक आमंत्रित किया जा रहा है। निर्धारित तिथि एवं समय तक आवेदन प्राप्त ना होने पर या डाक द्वारा विलंब के लिए विभाग जिम्मेदार नहीं होगा। अन्य किसी माध्यम से आवेदन स्वीकार नहीं किया जावेगा । जिला स्तरीय रिक्त पदों का विवरण निम्नानुसार है –

**भाग – 'अ'**

| स.क्र. | पदनाम | कार्यक्रम का नाम | एकमुश्त मानदेय प्रतिमाह (रू. में ) | रिक्त पदों की संख्या | श्रेणीवार रिक्त पद: अनारक्षित | | | अ.पि.व. | | | अ.जा. | | | अ.ज.जा. | | | शैक्षणिक योग्यता एव अनिवार्य अनुभव |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | मु | म | दिव्यांग | मु. | म | दिव्यांग | मु. | म | दिव्यांग | मु. | म | दिव्यांग | |
| 1 | Sr. Nursing Officer | NMHP | 31500.00 | 5 | 3 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | एम.एस.सी. साईकाईट्रिक नर्सिंग अथवा बी.एस.सी. नर्सिंग के साथ डिप्लोमा इन साईकेट्रिक नर्सिंग (नर्सिंग काउसिल में रजिस्टर्ड होना अनिवार्य है)। |
| 2 | Dental Surgeon | NUHM | 27500.00 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | MDS with registration in Chhattisgarh medical Counsil is Compulsary<br>**OR**<br>BDS with registration in Chhattisgarh medical council is compulsary |
| 3 | MO - AYUSH | RBSK | 25000.00 | 2 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | BHMS/BAMS/BUMS Degree Registrastion from any GOI Recognised (BHMS/BAMS/BUMS) Ayush, Homeo. and Unani Registration Board |
| 4 | Psychologist – Clinical ( Divisional) | NMHP | 31500.00 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | एम.फिल. साईकोलॉजी यदि योग्यता न होने की दशा में एम.एस.सी. / एम.ए साईकोलॉजी (रेगुलर) को प्राथमिकता दिया जायेगा। यदि जिलों में एम.फिल साइकोलॉजी अभ्यर्थी नहीं मिलने की दशा में एम.एस.सी / एम.ए साइकोलॉजी(रेगुलर) को प्राथमिकता दिया जावेगा। |
| 5 | Psychologist - Clinical | NMHP | 23000.00 | 8 | 3 | 2 | 0 | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | एम.फिल. साईकोलॉजी यदि योग्यता न होने की दशा मे एम.एस.सी. / एम.ए साईकोलॉजी (रेगुलर) को प्राथमिकता दिया जायेगा। यदि जिलो मे एम.फिल साइकोलॉजी अभ्यर्थी नहीं मिलने की दशा मे एम.एस.सी / एम.ए साइकोलॉजी(रेगुलर) को प्राथमिकता दिया जावेगा। |
| 6 | Programme Associate - NTEP | NTEP | 22300.00 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1. MBA/ PG Diploma in Management / Health administration from a recognized institute/ University<br>2. At least 1 year of work experience<br>**Preferential Question:-**<br>1. Preference will be given to those who have worked in the field of Development/ Health at District/ State level 2. Basic Knowledge of Computers |

Asingh 11.01.25    11.01.2025

| स. क. | पदनाम | कार्यक्रम का नाम | एकमुश्त मानदेय प्रतिमाह (रू. में ) | रिक्त पदों की संख्या | श्रेणीवार रिक्त पद | | | | | | | | | | | | शैक्षणिक योग्यता एवं अनिवार्य अनुभव |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | अनारक्षित | | | अ.पि.व. | | | अ.जा. | | | अ.ज.जा. | | | |
| | | | | | मु | म. | दिव्यांग | मु. | म. | दिव्यांग | मु. | म. | दिव्यांग | मु. | म. | दिव्यांग | |
| 7 | Social Worker - NMHP | NMHP | 22000.00 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | एम.फिल. साईकाईट्रिक सोशल वर्क को प्राथमिकता दिया जावेगा, यदि उक्त योग्यता न होने की दशा में मास्टर ऑफ सोशल वर्कर (रेगुलर) को प्राथमिकता दी जावेगी। |
| 8 | Physiotherapist | NHM & DEIC | 18000.00 | 2 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | Bachelor's degree in Physiotherapy (B.P.T.) & Live registration in Chhattisgarh physiotherapy Counsil. |
| 9 | Physiotherapist - NUHM | NUHM | 18000.00 | 3 | 3 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | Bachelor's degree in Physiotherapy (B.P.T.) & Live registration in Chhattisgarh physiotherapy Counsil. |
| 10 | Lab Supervisor | NTEP | 17500.00 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता:– 1.Graduate or Diploma in Medical Laboratory technology or equivalent from a govt recognized institution . 2. Permanent two wheeler driving licence & should be able to drive two wheeler 3. Certificate course in Computer Operations (Minimum two Month) **Preferential Qualification -** Minimum one year of experience in NTEP |
| 11 | STS | NTEP | 17500.00 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता:– 1.Bachelor's Degree OR Recognized sanitary inspector'scourse 2.certificate course in computer operation (minimum 2 months) 3.Permanent two wheeler driving license & should be able to drive two wheeler **Preferential Qualification -** 1.Tuberculosis health viisitor's recognized degree/diploma in social work or medical Social work 2. Successful completion of basic training course (Govt. recognized) for Multi –Purpose health workers. |
| 12 | Nursing Officer | NHM , NMHP, NCD | 16500.00 | 22 | 11 | 0 | 3 | 3 | 0 | 0 | 0 | 3 | 0 | 1 | 0 | 1 | BSC Nursing / Post Basic B.Sc. Nursing OR GNM Course Passed & Live Registration in Chhattisgarh registration council. |
| 13 | Community Health Officer | NHM | 16500.00 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से सर्टिफिकेट कोर्स इन कम्यूटिी हेल्थ सम्मिलित बी.एस.सी. नर्सिंग पाठ्यक्रम (B.Sc. Nursing Certificate in Community Health Integrated Course) उत्तीर्ण। अथवा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से सर्टिफिकेट कोर्स इन कम्यूनिटी हेल्थ सम्मिलित पोस्ट बेसिक बी.एस.सी. नर्सिंग पाठ्यक्रम (Post Basic B.Sc. Nursing Certificate in Community Health Integrated Course) उत्तीर्ण। |
| 14 | Pharmacist | RBSK | 16500.00 | 3 | 2 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | Degree Or Diploma in Pharmacy (50%) & Registration in Pharmacy Registration Council. |
| 15 | Pharmacists - NUHM | NUHM | 16500.00 | 2 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | Degree Or Diploma in Pharmacy (50%) & Registration in Pharmacy Registration Council |
| 16 | Nursing Officer - NUHM | NUHM | 16500.00 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | BSC Nursing / Post Basic B.Sc. Nursing OR GNM Course Passed & Live Registration in Chhattisgarh registration council. |

| स. क. | पदनाम | कार्यक्रम का नाम | एकमुश्त मानदेय प्रतिमाह (रू. में ) | रिक्त पदों की संख्या | श्रेणीवार रिक्त पद | | | | | | | | | | | | शैक्षणिक योग्यता एवं अनिवार्य अनुभव |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | अनारक्षित | | | अ.पि.व. | | | अ.जा. | | | अ.ज.जा. | | | |
| | | | | | मु | म. | दिव्यांग | मु. | म. | दिव्यांग | मु. | म. | दिव्यांग | मु. | म. | दिव्यांग | |
| 17 | Nursing Officer - UHWC | UHWC | 16500.00 | 13 | 5 | 0 | 2 | 0 | 0 | 0 | 2 | 0 | 0 | 4 | 0 | 0 | 1. BSC Nursing / Post Basic B.Sc. Nursing<br>2. GNM Course Passed with CG Nursing Council registration<br>(Final Merit List prepared on the basis of order of Prioity Like 1 & 2) |
| 18 | Accountant - NUHM | NUHM | 16000.00 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 1. एम.कॉम (नियमित ) (50 % ) Tally 9.0 की जानकारी अनिवार्य है।<br>अथवा<br>2. बी. कॉम (नियमित) (50 %) Tally 9.0 की जानकारी अनिवार्य है । |
| 19 | Staff Nurse | SNCU & NBSU ,NRC | 16000.00 | 8 | 2 | 0 | 1 | 1 | 0 | 0 | 2 | 0 | 0 | 2 | 0 | 0 | BSC Nursing / Post Basic B.Sc. Nursing OR GNM Course Passed & Live Registration in Chhattisgarh registration council. |
| 20 | TBHV | NHM | 14000.00 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1. Graduate in Science<br>OR<br>2. Intermediate (10+2) in Science and Experience of Working as MPW/LHV/ANM/Health worker /Certificate OR higher course in health education / Counselling<br>OR<br>3. Tuberculosis health visitor's recognized course<br>सरल कमांक 1, 2 एव 03 के साथ कम्प्यूटर सर्टिफिकेट कोर्स (Minimum two Month )<br>Preferential Qualification – Training Course for MPW Or Recognized sanitary inspector's Course. |
| 21 | Nutrition Counsellor/Feeding Demonstrator - NRC | NRC | 12000.00 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | BSC Home Science |
| 22 | Counsellor | NHM | 12000.00 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | PG Degree / Diploma in Psychology/Counseling/Health Education/Mass Comunication/Social Science |
| 23 | ANM | RBSK | 12000 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | ANM Course Passed in Indian Nursing Board & Live Registration in Chhattisgarh Nursing Council. |
| 24 | Radiographer | NHM | 15000.00 | 3 | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 1. 10+2 पद्धति मे 12 वी. कक्षा विज्ञान विषय के साथ उत्तीर्ण होना चाहिए<br>2. क्ष–किरण तकनीशियन / रेडियोग्राफर का छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त पैरामेडिकल पाठ्यकम उत्तीर्ण होना चाहिए।<br>3. छ.ग. पैरामेडिकल कौसिल से रेडियोग्राफर / क्ष–किरण तकनीशियन का जीवित पंजीयन होना चाहिए। |

| स.क. | पदनाम | कार्यक्रम का नाम | एकमुश्त मानदेय प्रतिमाह (रू. में ) | रिक्त पदों की संख्या | श्रेणीवार रिक्त पद | | | | | | | | | | | | शैक्षणिक योग्यता एवं अनिवार्य अनुभव |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | अनारक्षित | | | अ.पि.व. | | | अ.जा. | | | अ.ज.जा. | | | |
| | | | | | मु | म. | दिव्यांग | मु. | म. | दिव्यांग | मु. | म. | दिव्यांग | मु. | म. | दिव्यांग | |
| 25 | Laboratory Technicians - BPHU | BPHU | 14000.00 | 6 | 4 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 1. Higher Secondary (10+2) in Biology with BMLT<br>2. (A) Higher Secondary (10+2) in Biology with DMLT<br>(B) Higher Secondary (10+2) in Bology with Paramedical Technician one year certificate Course (CMLT)<br>[Registration in Paramedical Council of India or Chhattisgarh Paramedical Council]<br>(First Preference will be given to BMLT) |
| 26 | MPW (Male) - UHWC | UHWC | 14000.00 | 9 | 5 | 0 | 1 | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | Must have passed Higher Secondary Examination (10+2) examination with Biology Subject<br>One year Diploma in Multipurpose worker Training or equivalent training from training center recognized by the State Government with registered in Chhattisgarh Paramedical Council. |
| 27 | Lab Assistant -DPHL | IDSP | 12000.00 | 2 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 12 th Pass with Bology with 01 year Experience in Laboratory |
| 28 | Dental Assistant | NHM& NUHM | 12000.00 | 6 | 3 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | Matriculation From Recognised Board.<br>Experience: - Two years experience in a dental College Clinic.Only Govt Health facility experience should be considered. Preference can be given to candidates done one year of Course of lab technician (Dental work related) Hygenist or Dental Technician from medical college. |
| 29 | Opthalmic Assistant - NUHM | NUHM | 12000.00 | 3 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | (1) 10+2 पद्धति में 12 वी कक्षा विज्ञान विषय के साथ उत्तीर्ण होना चाहिये। (2) नेत्र सहायक में 2 वर्षीय प्रशिक्षण पाठ्यक्रम उत्तीर्ण होना चाहिये एवं (3) पैरामेडिकल काउसिल से नेत्र सहायक के रूप में पंजीयन होना चाहिये। |
| 30 | Secretarial Assistant | NMHP | 13650.00 | 2 | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक उपाधि के साथ मान्यता प्राप्त संस्थान से 01 वर्षीय डिप्लोमा इन कम्प्यूटर एप्लीकेशन |
| 31 | Jr. Secretarial Assistant - UAAM | UHWC | 12000.00 | 37 | 11 | 6 | 2 | 5 | 2 | 0 | 5 | 2 | 1 | 2 | 0 | 1 | 12 th Passed with atleast 01 year computer diploma. |
| 32 | Jr. Secretarial Assistant - NCD | NCD & NHM | 12000.00 | 5 | 3 | 0 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | Graduate with at least 1 year Diploma in Computer Application. |
| 33 | ANM | NHM | 12000.00 | 2 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 12th passed, ANM Passed with INC affiliated Training Center & Live Registration in Chhattisgarh Nurses Registration council. |
| 34 | ANM | NUHM | 12000.00 | 3 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 12th passed, ANM Passed with INC affiliated Training Center & Live Registration in Chhattisgarh Nurses Registration council. |

| स.क्र. | पदनाम | कार्यकम का नाम | एकमुश्त मानदेय प्रतिमाह (रू. में ) | रिक्त पदों की संख्या | श्रेणीवार रिक्त पद | | | | | | | | | | | | शैक्षणिक योग्यता एवं अनिवार्य अनुभव |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | अनारक्षित | | | अ.पि.व. | | | अ.जा. | | | अ.ज.जा. | | | |
| | | | | | मु | म. | दिव्यांग | मु | म. | दिव्यांग | मु | म. | दिव्यांग | मु | म. | दिव्यांग | |
| 35 | Class - IV | NUHM | 10000.00 | 2 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 8 th Passed |
| 36 | Class - IV - UHWC | UHWC | 10000.00 | 12 | 8 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 2 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 10 th Passed |
| 37 | Support Staff - Mental Health Unit Sweeper | NMHP | 8800.00 | 4 | 1 | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 8 th Passed |
| 38 | Ward Assistant & Attendent - NMHP | NMHP | 8800.00 | 6 | 5 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | मान्यता प्राप्त संस्थान से हायर सेकेण्डरी उत्तीर्ण एवं अस्पताल में कार्य करने का 01 वर्ष का अनुभव |
| | **Total Post** | | | **184** | **91** | **10** | **14** | **15** | **2** | **0** | **21** | **5** | **1** | **23** | **0** | **2** | |

नोट :–

1. उक्त समस्त पद संविदा है।
2. उक्त पदों पर नियमानुसार शासन द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार आरक्षण क्षैतिज व प्रवर्गवार महिलाओं/निशक्तजन के लिये आरक्षण लागू होगा। छ.ग. शासन द्वारा समय–समय पर जारी विशेष आरक्षण नियम एवं शर्तें लागू होंगे।
3. अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता मान्यता प्राप्त संस्था/विश्वविद्यालय से तथा प्रमाण पत्र, विज्ञापन आवेदन के अंतिम दिवस/पूर्व को धारित होना अनिवार्य है।
4. विज्ञापित पदों में बैकलॉग पद शामिल है।
5. इस नियुक्ति प्रक्रिया मे आरक्षण संबंधी अंतिम आदेश माननीय उच्चतम न्यायालय, नई दिल्ली के एस.एल. पी. (सी) कमांक 19668/2022 के अध्यधीन होगी।

## <u>भाग - ब</u>

**आवेदन संबंधी दिशा निर्देश :–**

1. आवेदक आवेदन का प्रारूप जिले की वेबसाइट www.durg.gov.in से डाउनलोड कर सकते है।
2. अभ्यर्थी को बंद लिफाफे में आवेदित पद का नाम एवं कार्यकम का नाम स्पष्ट रूप से उल्लेख किया जाना होगा तथा अलग–अलग पदों पर आवेदन करने की स्थिति में पृथक– पृथक आवेदन बंद लिफाफे में प्रेषित किया जाना होगा। अपूर्ण/अस्पष्ट एवं त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्रों के संबंध में कोई सूचना नहीं दी जायेगी, ऐसे आवेदन पत्र स्वतः ही निरस्त माने जायेंगे ।
3. परीक्षा के लिये परीक्षा शुल्क के संबंध में राज्य शासन के सचिव, छ.ग. शासन, सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय द्वारा परीक्षा शुल्क माफ किये जाने के संबंध में जारी पत्र कमांक एफ 10–2/2022/एफ 10–2/2022/एक(1) दिनांक 08 अप्रैल 2022 के अनुसार छ.ग. राज्य के स्थानीय निवासी प्रतिभागियों से किसी भी प्रकार का परीक्षा शुल्क नहीं लिया जायेगा।
4. संयुक्त संचालक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन छ.ग. के पत्र कमांक/एन.एच.एम./एच.आर./2022/एन.एस. –1637/3703 नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 24.02.2022 के अनुसार अभ्यर्थियों को कौशल परीक्षा के कुल अंको का 40 प्रतिशत अंक अर्जित करना अनिवार्य है। कौशल परीक्षा में 40 प्रतिशत अंक अर्जित नहीं करने की दशा में उम्मीदवारों को अपात्र श्रेणी में रखा जावेगा ।
5. परीक्षा हेतु पात्र अभ्यर्थियों को कम्प्युटर बेस्ड टेस्ट/क्लीनिकल स्किल बेस्ड टेस्ट के समय आवेदन के साथ संलग्न किये गये समस्त मूल दस्तावेज के साथ उपस्थित होना अनिवार्य होगा। सत्यापन के समय किसी भी मूल दस्तावेज के अभाव में परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति नही दी जावेगी।
6. जिन विज्ञापित पदों में नर्सिंग/पैरामेडिकल काउन्सिल में जीवित पंजीयन मांगा गया है उन पदों हेतु जीवित एवं स्थायी पंजीयन अनिवार्य होगा। अभ्यर्थियों द्वारा जीवित प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं किये जाने की स्थिति में अपात्र किये जावेंगे।
7. छत्तीसगढ शासन सामान्य प्रशासन विभाग के पत्र कमांक /एफ20–4/2014/आ.प्र./1–3 नवा रायपुर दिनांक 27.09.2014 अनुसार तथा छत्तीसगढ राजपत्र,दिनांक 26 सितम्बर 2014 के पत्र कमांक एफ1–21/2014/सक/26 अनुसार आरक्षित दिव्यांग पद निम्नानुसार दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिये चिन्हांकित किया जाता है –

| स.क. | पदनाम | कार्यक्रम का नाम | दिव्यांग अभ्यर्थियों हेतु पात्रता |
|---|---|---|---|
| 01 | Nursing Officer | NHM, NMHP, NCD,UHWC | छत्तीसगढ राजपत्र दिनांक 26 सितम्बर 2014 अनुसार केवल OL दिव्यांग आरक्षण के लिये पात्र होंगे। |
| 02 | Staff Nurse | SNCU & NBSU ,NRC | छत्तीसगढ राजपत्र दिनांक 26 सितम्बर 2014 अनुसार केवल OL दिव्यांग आरक्षण के लिये पात्र होगे। |
| 03 | MPW (Male) - UHWC | UHWC | छत्तीसगढ राजपत्र दिनांक 26 सितम्बर 2014 अनुसार केवल OL,OAदिव्यांग आरक्षण के लिये पात्र होगे। |
| 04 | Dental Assistant | NHM& NUHM | छत्तीसगढ राजपत्र दिनांक 26 सितम्बर 2014 अनुसार केवल OL ,OA,LV दिव्यांग आरक्षण के लिये पात्र होगे। |
| 05 | Secretarial Assistant | NMHP | छत्तीसगढ राजपत्र दिनांक 26 सितम्बर 2014 अनुसार केवल OL ,HH,OA,OAL,BL दिव्यांगता आरक्षण के लिये पात्र होगे। |
| 06 | Jr. Secretarial Assistant - UAAM | NCD/ UHWC | छत्तीसगढ राजपत्र दिनांक 26 सितम्बर 2014 अनुसार केवल OL ,HH,OA,OAL,BL दिव्यांगता आरक्षण के लिये पात्र होगे। |
| 07 | Class - IV - UHWC | UHWC | छत्तीसगढ राजपत्र दिनांक 26 सितम्बर 2014 अनुसार केवल OL ,OA,LV दिव्यांगता आरक्षण के लिये पात्र होगे। |

**8. आयु सीमा –**

8.1 संविदा भर्ती के लिये न्यूनतम आयु 18 वर्ष एवं अधिकतम 70 वर्ष चिकित्सकीय पद हेतु तथा 64 वर्ष प्रबंधकीय पद हेतु होगी।

8.2 आयु की गणना दिनांक 01 जनवरी 2025 को आधार मानकर की जायेगी।

**9. आवश्यक दस्तावेज :– आवेदक आवेदन पत्र के साथ निम्नलिखित अभिलेखों की स्वप्रमाणित छायाप्रति अनिवार्यतः संलग्न करें :–**

9.1 10 वी की अंकसूची (जन्मतिथि के प्रमाण हेतु)।

9.2 12 वीं की अंकसूची।

9.3 स्नातक/स्नातकोत्तर/अन्य निर्धारित शैक्षणिक योग्यता के समस्त वर्षो की अंकसूची। उपाधि/प्रमाण पत्र (समस्त वर्षो का)।

9.4 संबंधित डिग्री।

9.5 संबंधित काउंसिल का पंजीयन प्रमाण पत्र (यदि लागू हो तो)।

9.6 रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र (यदि लागू हो तो)।

9.7 छत्तीसगढ़ के निवासियों हेतु सक्षम अधिकारी द्वारा जारी मूल निवास प्रमाण–पत्र।

9.8 सक्षम अधिकारी द्वारा जारी स्थायी जाति प्रमाण – पत्र (यदि लागू हो तो)।

9.9 यदि दिव्यांग है तो दिव्यांग प्रमाण पत्र (UDID) (सक्षम अधिकारी द्वारा जारी।)शारीरिक दिव्यांग आवेदन हेतु मेडिकल बोर्ड से 40 प्रतिशत से अधिक का जीवित दिव्यांगता प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।

9.10 पहचान पत्र। (आधार कार्ड/वोटर आई.डी./पेन कार्ड/ड्राईविंग लाईसेंस आदि जिसमें अभ्यर्थी का नाम, पता एवं फोटो हो)

9.11 अनापत्ति प्रमाण पत्र (यदि लागू हो तो)

9.12 अन्य संबंधित दस्तावेज (यदि लागू हो तो)

9.13 अनुभव प्रमाण – पत्र। (यदि लागू हो तो)

**10. अनुभव प्रमाण पत्र –**

10.1 अनुभव 10/15 अंक विज्ञापित पद से संबंधित अनुभव को ही मान्य किया जायेगा। एन.एच.एम. छत्तीसगढ अंतर्गत कार्यरत अभ्यर्थियों को प्रत्येक वर्ष हेतु 3 अंक अधिकतम 15 अंक तथा अन्य अभ्यर्थियों को प्रत्येक वर्ष हेतु 2 अंक अधिकतम 10 अंक दिया जावेगा।

10.2 अनुभव प्रमाण पत्र केवल शासकीय, अर्द्धशासकीय एवं शासकीय वित्तीय पोषित संस्थाओं के ही मान्य होंगे। अनुभव प्रमाण पत्र में अनुभव की अवधि का स्पष्ट उल्लेख नहीं होने तथा कार्यालयीन जावक क्रमांक नहीं होने पर अनुभव प्रमाण पत्र अमान्य किया जावेगा।

10.3 विज्ञापित पदों हेतु निर्धारित शैक्षणिक योगयता पूर्ण होने के उपरांत ही किये गए कार्यो का कार्य अनुभव मान्य किया जावेगा।

11.01.25

10.4 अनुभव में अंकों की गणना एवं एक संस्था में एक पद पर 12 माह पूर्ण होने पर ही एक वर्ष का अंक दिया जावेगा। 12 माह से कम अनुभव होने पर अंकों की गणना नहीं की जावेगी।

10.5 अनुभव प्रमाण पत्र के साथ नियोक्ता का नियुक्ति आदेश संलग्न करना अनिवार्य होगा। जिसके बिना अनुभव के अंको की गणना नही की जावेगी।

10.6 राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन छ.ग. के पत्र कमांक/एन.एच.एम/एच.आर./2023/172/2132 नवा रायपुर 08.09.2023 अनुसार ए.एन.एम/नर्सिंग प्रशिक्षण प्राप्त मितानिनों को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत स्वीकृत संविदा ए.एन.एम. पदों में भर्ती हेतु प्रतिवर्ष अनुभव का 04 अंक देते हुये अधिकतम 20 अंक तक दिया जावेगा । राज्य स्वास्थ्य संसाधन केन्द्र द्वारा जारी अनुभव प्रमाण पत्र ही मान्य होगा।

10.7 मान्यता प्राप्त निजी संस्था से प्राप्त कार्य अनुभव को मान्य करते हुए अभ्यर्थियों को नियमानुसार पात्र सूची में सम्मिलित किया जायेगा, किन्तु उन्हें अनुभव का अंक प्रदान नही किया जायेगा।

10.8 अवर सचिव छ.ग.शासन स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के आदेश क्रं.F1-67/2021/सत्रह –1 नवा रायपुर अटल नगर दिनांक 03/02/2023 मे प्राप्त निर्देशानुसार कोरोना वैश्विक महामारी के दौरान छत्तीसगढ़ राज्य के शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में नियुक्त एवं एक वर्ष में 06 माह तक सेवा देने वाले अस्थाई स्वास्थ्य कर्मियों को विभाग के तृतीय एवं चतृर्थ वर्ग के पदों पर चयन हेतु 10 बोनस अंको का लाभ दिया जावेगा ।

10.9 कोविड–19 में कार्य किये जाने का बोनस अंक का लाभ केवल उन्ही अभ्यर्थियों को दिया जायेगा जिनके द्वारा कोविड–19 में कार्य करने का नियुक्ति तथा अनुभव प्रमाण पत्र सक्षम अधिकारी/नियुक्तिकर्ता द्वारा जारी संलग्न किया गया हो।

10.10 कोरोना वैश्विक महामारी के दौरान छत्तीसगढ़ राज्य के शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में नियुक्त एवं एक वर्ष में 06 माह तक सेवा देने वाले अस्थाई स्वास्थ्य कर्मियों को 10 बोनस अंक दिया जाना हैं एवं सामान्य स्थित में नियुक्त संविदा (अनियमित) कर्मचारी है उन्हे अनुभव के अधिकतम 10/15 अंक तक दिया जाना हैं। इस प्रकार एक ही अभ्यर्थी को दोनो अनुभव में से अधिकतम अंक दिया जावेगा।

**11. भर्ती प्रकिया :–**

11.1 निर्धारित समय सीमा में प्राप्त पात्र आवेदनों में से रिक्तयों के आधार पर निम्न तालिका में दिये अनुसार अभ्यर्थियों को दस्तावेज सत्यापन/परीक्षा/कम्प्युटर बेस्ड टेस्ट/क्लीनिकल स्किल बेस्ड टेस्ट हेतु बुलाया जावेगा–

| कमांक | कुल विज्ञापित पदों की संख्या | स्क्रीनिंग किये जाने हेतु अभ्यर्थियों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | 1 से 10 होने पर | कुल विज्ञापित रिक्त पदों का 10 गुना |
| 2 | 11 से 50 होने पर | कुल विज्ञापित रिक्त पदों का 05 गुना |
| 3 | 50 से अधिक होने पर | कुल विज्ञापित रिक्त पदों का 03 गुना |

11.2 अभ्यर्थी द्वारा आवेदन पत्र भरते समय जिन दस्तावेजों का उल्लेख किया गया है केवल उन्ही दस्तावेज के संबंध में दावा आपत्ति मान्य किया जावेगा। अन्य कोई नवीन दस्तावेज दावा आपत्ति में मान्य नही किये जायेंगे।

**12. अंतिम चयन सूची :–**

**12.1 पद कमांक 01 से 22 तक के लिए अंको का निर्धारण :–**

- शैक्षणिक योग्यता में प्राप्तांको का 65 प्रतिशत अंक।
- कौशल/लिखित परीक्षा/साक्षात्कार 20 अंक।
- अनुभव का अंक 10/15
- कम्प्युटर से संबंधित कार्य के लिए कम्प्युटर में कौशल परीक्षा ली जावेगी।
  (अ) कम्प्युटर/कौशल परीक्षा/लिखित परीक्षा हेतु = (शैक्षणिक योग्यता + अनुभव का अंक + कोविड–19 बोनस अंक अधिकतम 10 अंक )
  (ब) अंतिम चयन सूची = (शैक्षणिक योग्यता + अनुभव का अंक + कोविड–19 बोनस अंक अधिकतम 10 अंक + कौशल परीक्षा/लिखित परीक्षा के अंक)

Asingh 11.01.25

**12.2 पद कमांक 24 से 32 तक के लिए अंको का निर्धारण :–**

- शैक्षणिक योग्यता में प्राप्तांको का 30 प्रतिशत अंक।
- तकनीकी योग्यता में प्राप्तांको का 35 प्रतिशत अंक।
- कम्प्युटर से संवंधित कार्य के लिए कम्प्युटर में कौशल परीक्षा ली जावेगी।
- कौशल/लिखित परीक्षा/साक्षात्कार 20 अंक।
  (अ) कौशल परीक्षा/लिखित परीक्षा हेतु = (शैक्षणिक योग्यता+अनुभव का अंक + कोविड–19 वोनस अंक अधिकतम 10 अंक )
  (व) अंतिम चयन सूची = (शैक्षणिक योग्यता + अनुभव का अंक + कोविड–19 वोनस अंक अधिकतम 10 अंक + कौशल परीक्षा/लिखित परीक्षा के अंक)

**12.3 पद कमांक 23, 33 एवं 34 के लिए अंको का निर्धारण :–**

- शैक्षणिक योग्यता में प्राप्तांको का 30 प्रतिशत अंक।
- तकनीकी योग्यता में प्राप्तांको का 30 प्रतिशत अंक।
- कौशल/लिखित परीक्षा 20 अंक।
- अनुभव का अंक 10/15/20
  (अ) कौशल परीक्षा/लिखित परीक्षा हेतु = (शैक्षणिक योग्यता+अनुभव का अंक + कोविड–19 वोनस अंक अधिकतम 10 अंक )
  (व) अंतिम चयन सूची = (शैक्षणिक योग्यता + अनुभव का अंक + कोविड–19 वोनस अंक अधिकतम 10 अंक + कौशल परीक्षा/लिखित परीक्षा के अंक)

**12.4 पद कमांक 35 से 38 तक के लिए अंको का निर्धारण :–**

- शैक्षणिक योग्यता में प्राप्तांको का 85 प्रतिशत अंक।
  (अ) अंतिम चयन सूची = (शैक्षणिक योग्यता + अनुभव का अंक + कोविड–19 बोनस अंक अधिकतम 10 अंक)

**13. प्रतीक्षा सूचीः–**

उक्त पद के लिए वर्गवार प्रतीक्षा सूची भी जारी की जायेगी, जिसकी वैधता जारी दिनांक से एक वर्ष तक अथवा उक्त पद के लिए नवीन भर्ती प्रकिया संपन्न होने तक जो पहले हो तक रहेगी। इस समयावधि में स्वीकृत नये पद/त्याग पत्र अथवा किसी भी कारण से रिक्त होने वाले पदों को भी इसी प्रतीक्षाा सूची से भरा जा सकेगा। प्रतीक्षा सूची हेतु कुल स्वीकृत पद के 25 पदो तक 200 प्रतिशत, 25 से 50 पदो हेतु 150 प्रतिशत, 50 से अधिक पदो के लिए 100 प्रतिशत अभ्यर्थियों को प्रतीक्षा सूची में रखा जावेगा, ताकि भविष्य में रिक्त होने वाले पद तत्काल भरे जा सकें।

## भाग - स

### भर्ती के संबंध में अन्य शर्तें एवं दिशा निर्देश

1. सभी पद पूर्णतः संविदा आधारित है, संविदा भर्ती हेतु अन्य शर्तें एवं नियम राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन छ.ग. द्वारा जारी मानव संसाधन नीति 2018 एवं यथा संशोधित नियम अनुसार लागू होंगे।
2. मात्र आवेदन करने पर ही किसी का चयन सुनिश्चित नही होगा। अंतिम चयन सूची जारी करने के पूर्व मूल प्रमाण पत्रों की जाँच की जावेगी, इसमें सही पाये जाने पर ही उनके चयन हेतु अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।
3. संविदा मानदेय :– संविदा सेवा अवधि के दौरान प्रतिमाह एकमुश्त मानदेय व अन्य राशि प्रावधानित आर.ओ.पी. अनुसार देय होगी, इसके अतिरिक्त किसी अन्य प्रकार का भत्ता/सुविधा देय नही होगा।
4. वार्षिक कार्य मूल्यांकन संतोषजनक होने की स्थिति में संविदा सेवा अवधि में वृद्धि की जावेगी ।
5. चयनित अभ्यर्थी को कार्य में उपस्थित होने के पश्चात् मानव संसाधन नीति के नियमानुसार एक माह का नोटिस देकर अथवा एक माह का वेतन जमा कर संविदा नियुक्ति समाप्त की जा सकेगी । इसी प्रकार उक्त अभ्यर्थी को त्याग पत्र देने के पूर्व एक माह पहले सूचना देनी होगी अन्यथा एक माह का वेतन जमा करना होगा।
6. समान अंक प्राप्त होने की स्थिति में अभ्यर्थीयों की जन्म तिथि को आधार मानकर वरीयता तय की जावेगी। जिन अभ्यर्थीयों की जन्म तिथि पहले होगी (उम्र में बड़े होगे) प्राथमिकता प्रदान की जावेगी।
7. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी के अभ्यर्थियों को सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी स्थायी जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

Asingh 11.01.25

8. उक्त संविदा पद अस्थानांतरणीय होगा तथा नियुक्ति आदेशानुसार पदस्थापना स्थल में उपस्थिति देना अनिवार्य होगा। निर्धारित समय व पदस्थापना स्थल में अपनी उपस्थिति नहीं देने के स्थिति में चयनित अभ्यर्थी की नियुक्ति स्वतः निरस्त हो जायेगी।
9. शैक्षणिक योग्यता जिस संस्था से प्राप्त है , उस संस्था का यू.जी.सी./ए.आई.सी.टी.ई. एवं संबंधित कौंसिल से मान्यता प्राप्त होना अनिवार्य है ।
10. संविदा पर नियुक्त कर्मचारी का Performance Appraisal नियंत्रण अधिकारी द्वारा किया जावेगा।
11. विज्ञापन में विज्ञापित पद अनुरूप निर्धारित अर्हताधारी अभ्यर्थी के ही आवेदन स्वीकार किये जावेंगे।
12. अवर सचिव छत्तीसगढ शासन सामान्य प्रशासन विभाग के पत्र क्रमांक एफ 13–4/2023/आ.प्र/1–3, नवा रायपुर,दिनांक 29.05.2023 अनुसार विशिष्ट जीवित दिव्यांगता पहचान पत्र (यूडीआईडी) अनिवार्य किया गया है। नियुक्ति के समय दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 की धरा 91 के अनुवर्तन में दिव्यांग कोटे के अभ्यर्थियों को घोषणा –पत्र अनिवार्य रूप से भरना होगा। (OL-One leg,HH- Hearing Divyang ,OA-One Arm,OAL-One Arm Leg,BL-Both Leg,LV-Low Vision)
13. आवेदित पद पर चयनित होने मात्र से नियुक्ति का अधिकार प्राप्त नहीं होगा। अंतिम रूप से नियुक्त रिक्त पदों की वास्तविक उपलब्धता तथा अन्य आवश्यक प्रक्रिया/मापदण्डों पर निर्भर करेगा।
14. चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में यह पाया जाता है कि किसी उम्मीदवार द्वारा किसी भी प्रकार से किसी प्रकार का दबाव डलवाया जा रहा है या निष्पक्ष चयन प्रक्रिया को प्रभावित करने का प्रयास किया जा रहा है, तो उनका आवेदन पत्र अमान्य कर दिया जावेगा। तथा इस संबंध में कोई भी दावा मान्य नहीं किया जावेगा।
15. आवेदकों को छ.ग. का मूल निवासी होना अनिवार्य है। निवास प्रमाण पत्र सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।
16. अभ्यर्थी को साक्षात्कार/कौशल परीक्षा में उपस्थित होने के लिए किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता/व्यय देय नही होगा।
17. शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था में कार्यरत अभ्यर्थियों को नियोक्ता द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र आवेदन पत्र में संलग्न करना अनिवार्य होगा।
18. चयन उपरान्त सभी चयनित उम्मीदवारों को बॉण्ड भरना होगा कि वे अन्य जगहो पर आवेदन करने के लिए संबंधित अधिकारी से अनापति प्रमाण पत्र (NOC) लेंगे।
19. ऐसे अभ्यर्थी जिनकी सेवा अनुशासनहीनता/वित्तीय अनियमितता/अनुचित व्यवहार के कारण राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन या अन्य किसी भी शासकीय विभाग द्वारा से समाप्त की गई है चाहे वे किसी भी पद पर रहे हो उन्हे अपात्र उम्मीदवारों की संज्ञा में रखा जावेगा।
20. प्रशासकीय कारणों से अधिसूचित रिक्तियों में पदों की संख्या घटाई या बढ़ाई जा सकती है या निरस्त भी किया जा सकता है। जिसका अधिकार चयन समिति/नियोक्ता का होगा।
21. प्रकाशित प्रारंभिक पात्र–अपात्र सूची का अवलोकन अभ्यर्थी अनिवार्य रूप से करना सुनिश्चित करे, अन्यथा दावा आपत्ति उपरांत किसी भी प्रकार की त्रुटि पाए जाने पर आवेदक स्वयं जिम्मेदार होंगे।
22. जिन विज्ञापित रिक्त पद में शैक्षणिक योग्यता "एक से अधिक" या "अथवा" के रूप में चाही गई हो उन पदों में अभ्यर्थी द्वारा एक से अधिक शैक्षणिक योग्यता संलग्न किये जाने पर केवल उच्च शैक्षणिक योग्यता को मान्य किया जावेगा।
23. योग्य/पात्र उम्मीद्वार नही होने की दशा में चयन समिति द्वारा भर्ती निरस्त कर पुनः पद विज्ञापित कराया जा सकता है।
24. विज्ञापन जारी होने के उपरांत निर्धारित तिथि एवं समय तक आवेदन प्राप्त ना होने पर या अन्य किसी कारणवश विलंब या डाक द्वारा विलंब के लिए विभाग जिम्मेदार नहीं होगा। उक्त संबंध में आवेदन स्वीकार/विचार नहीं किया जावेगा ना ही कोई अभ्यावेदन स्वीकार किया जावेगा।
25. चयनित अभ्यर्थियों की पदस्थापना मेरिट अनुसार की जायेगी।
26. संविदा नियुक्ति उपरांत चयनित अभ्यर्थियों को पदस्थापना स्थल पर मुख्यालय बनाकर निवास करना अनिवार्य होगा।
27. आवेदक का छत्तीसगढ राज्य का मूल निवासी होना आवश्यक है । इस हेतु सक्षम अधिकारी द्वारा जारी मूल निवासी प्रमाण पत्र दस्तावेज सत्यापन के समय प्रस्तुत करना अनिवार्य है ।
28. आवेदक को बंद लिफाफे में पदनाम, कार्यक्रम का नाम एवं वर्ग (अनारक्षित/अन्य पिछडा वर्ग/अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति) का नाम अनिवार्य रूप से उल्लेख करें।अन्यथा लिफाफा खोला नही जावेगा ।एवं भर्ती प्रक्रिया में शामिल नही किया जायेगा ।

Asingh
11.01.25

29. भर्ती की प्रकिया के दौरान होने वाले किसी भी विवाद एवं समस्या पर अंतिम निर्णय लेने का सर्वाधिकार जिला स्तरीय चयन समिति की अनुशंसा आधार पर कलेक्टर सह अध्यक्ष जिला स्वास्थ्य समिति का होगा। जो सभी आवेदकों को मान्य होगा।

30. प्राप्त आवेदन पत्रों एवं संलग्न दस्तावेजों की स्कुटनी उपरांत दावा– आपत्ति हेतु पात्र–अपात्र अभ्यर्थियों की सूची,सूचना एवं अन्य निर्देशों का प्रकाशन जिले की विभागीय वेबसाईट **www.durg.gov.in** में पृथक से किया जावेगा। समयानुसार इसके अवलोकन की जिम्मेदारी अभ्यर्थियों की होगी। अन्य किसी भी माध्यम से पृथक से सूचना अभ्यर्थी को नही दी जावेगी।

Asingh
11.01.25

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला–दुर्ग (छ.ग.)

# आवेदन पत्र

आवेदित पद का नाम :– .................................................................. कार्यक्रम का नाम ..........................

आवेदित वर्ग का नाग :– ..................................................................

प्रति,

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी,
जिला –दुर्ग, छत्तीसगढ़

स्व हस्ताक्षरित पासपोर्ट साईज का फोटो

| | | | |
|---|---|---|---|
| 01 | आवेदक का पूरा नाम (हिन्दी में) | : | .................................................................. |
| | (अंग्रेजी के कैपिटल अक्षर में) | : | .................................................................. |
| 02 | पिता / पति का नाम | : | .................................................................. |
| 03 | माता का नाम | : | .................................................................. |
| 04 | (अ) जन्मतिथि (अंकों में) | : | .................................................................. |
| | (शब्दों में) | : | .................................................................. |
| | (ब) आयु 01 जनवरी 2025 की स्थिति में | : | .................................................................. |
| 05 | जाति (अ.जा. / अ.ज.जा. / अ.पि.व. / सामान्य)<br>(सक्षम अधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र की प्रति संलग्न करें) | : | .................................................................. |
| 06 | छत्तीसगढ़ का स्थानीय निवासी है या नहीं<br>(सक्षम अधिकारी द्वारा जारी निवास प्रमाण पत्र की प्रति संलग्न करें) | : | .................................................................. |
| 07 | निवासी जिले का नाम | : | .................................................................. |
| 08 | क्या आप निःशक्तता श्रेणी के है – हॉ / नहीं, यदि हॉ तो निःशक्तता का प्रतिशत एवं प्रकार<br>(सक्षम अधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र की प्रति संलग्न करें) | : | .................................................................. |
| 09 | स्थायी निवास का पूर्ण पता | : | ..................................................................<br>..................................................................<br>.................................................................. |
| 10 | वर्तमान पत्र व्यवहार का पूर्ण पता | : | ..................................................................<br>..................................................................<br>.................................................................. |
| | मो.नं. | | .................................................................. |
| | ई–मेल आई.डी. | | .................................................................. |
| 11 | संवंधित काउंसिल का नाम (यदि लागू हो) | : | .................................................................. |
| | जीवित पंजीयन क्रमांक एवं दिनांक | : | .................................................................. |
| 12 | रोजगार कार्यालय का नाम | : | .................................................................. |
| | जीवित पंजीयन क्रमांक / दिनांक / स्थान | : | .................................................................. |

11.01.25

13. शैक्षणिक योग्यता :

| कं. | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | विषय | बोर्ड / विश्वविद्यालय का नाम | परीक्षा उत्तीर्ण करने का वर्ष | पूर्णांक (प्रथम से अंतिम वर्षो का) | प्राप्तांक (प्रथम से अंतिम वर्षो का) | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |

14. तकनीकी योग्यता :

| कं. | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | विषय | बोर्ड / विश्वविद्यालय का नाम | परीक्षा उत्तीर्ण करने का वर्ष | पूर्णांक (प्रथम से अंतिम वर्षो का) | प्राप्तांक (प्रथम से अंतिम वर्षो का) | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |

15. कार्यानुभव (यदि कोई हो ता) :

| कं. | पद का नाम | संस्था का नाम | कार्यादेश कमांक एवं दिनांक | कुल कार्यावधि (कब से कब तक) | कार्य का विवरण / अनुभव का क्षेत्र | वेतनमान |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

16- क्या अभ्यर्थी के विरूद्ध दाण्डिक प्रकरण दर्ज है :– हॉ / नही

## घोषणा–पत्र

मैं एतद् द्वारा घोषणा करता / करती हूँ कि मैने विज्ञापित पद की पात्रता संबंधी समस्त शर्तों को पढ़ लिया है, जहॉ तक मेरी जानकारी और विश्वास में है कि इस आवेदन पत्र की सभी प्रविष्टियां पूर्ण और सत्य है, त्रुटीपूर्ण एवं छिपाकर तथा अपूर्ण और असत्य जानकारी प्रस्तुत करने पर उक्त पद पर मेरी उम्मीदवारी रद्द या निरस्त की जा सकती है एवं मेरे विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जा सकती है , जो मुझे मान्य होगी ।

आवेदक का हस्ताक्षर

स्थानः–.............................. नामः–..............................................

दिनांकः–........................... पताः–...............................................

**संलग्न सहपत्रों का विवरण :–** (संलग्न दस्तावेजों को निम्नानुसार क्रमानुसार रखा जावें एवं संलग्न दस्तावेजों के सामने बने बाक्स पर √ (सही) का निशान लगावें तथा संलग्न दस्तावेजों की कुल पृष्ठों की संख्या .............. लिखे।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | 10 वीं अंकसूची की सत्यापित छायाप्रति। | ☐ |
| 2 | 12 वीं अंकसूची की सत्यापित छायाप्रति। | ☐ |
| 3 | अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता (स्नातक / स्नातकोत्तर) की अंकसूची (समस्त वर्षो का)। | ☐ |
| 4 | अहर्तानुसार अनिवार्य तकनीकि शैक्षणिक योग्यता संबंधित डिग्री / डिप्लोमा (समस्त वर्षो का) | ☐ |
| 5 | संबंधित काउंसिल का जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र की प्रति (संबंधित है तो)। | ☐ |
| 6 | सक्षम अधिकारी द्वारा प्रदत्त जाति प्रमाण–पत्र की प्रति। (संबंधित है तो)। | ☐ |
| 7 | सक्षम अधिकारी द्वारा प्रदत्त निवास प्रमाण पत्र की प्रति। | ☐ |
| 8 | सक्षम अधिकारी द्वारा प्रदत्त निःशक्तता प्रमाण पत्र (UDID) की प्रति। | ☐ |
| 9 | स्वंय पहचान पत्र (ID-Proof), जिसमें अभ्यर्थी का नाम हो,पता एवं फोटो हो। | ☐ |
| 10 | रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र की प्रति। | ☐ |
| 11 | अनुभव प्रमाण पत्र की सत्यापित छायाप्रति। | ☐ |
| 12 | अनापत्ति प्रमाण पत्र की सत्यापित छायाप्रति। (समान पद पर कार्यरत कर्मचारी को नियोक्ता द्वारा प्रदायित अनापत्ति प्रमाण पत्र) | ☐ |
| 13 | अन्य प्रमाण पत्र (यदि आवश्यकता है तो) | ☐ |

**आवेदनकर्ता का हस्ताक्षर**

स्थान –
दिनांक –
नाम :– ........................................................
पता :– ........................................................................................................................................................
.......................................
जिला – ......................................................
छत्तीसगढ़, पिन. नं. ................................